**आकाशवाणी**
**देहरादून उत्तराखण्ड)**

**भानिवार 19.04.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **भीमताल, द्वाराहाट, गौचर, पुरोला और सहस्त्रधारा में खोले जाएंगे नए फायर स्टेशन, उत्तराखण्ड में फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा।**
- **मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने प्रदेश में ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाने के निर्देश दिए।**
- **उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, हाईस्कूल में कमल सिंह चौहान व जतिन जोशी और 12वीं में अनुष्का राणा अव्वल।**
- **शोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में हिमालयी क्षेत्र की पारंपरिक फसलों के संरक्षण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन।**

**अग्निशमन सेवा सप्ताह**

प्रदेश सरकार अग्निशमन सेवाओं को सशक्त, सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में भीमताल, द्वाराहाट, गौचर, पुरोला और सहस्त्रधारा में जल्द ही नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे। साथ ही प्रदेश में फायर सर्विस का विश्वस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जाएगा। प्रयागराज में हुए महाकुंभ में ड्यूटी कर अपना कर्तव्य निभाने वाले उत्तराखण्ड फायर सर्विस के सभी कर्मियों को 10–10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पुलिस लाइन, देहरादून में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा के जवानों ने राज्य बनने से अब तक 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक की संपत्तियों को आग से बचाया है। 27 हजार से अधिक मनुष्यों व लगभग 7 हजार पशुओं का जीवन भी बचाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, प्रदेश में अग्निशमन एवं आपात सेवा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और रक्षा उपकरणों के आधुनिकीकरण पर कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा के लिए 71 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैरसैण में फायर स्टेशन भवन का निर्माण करने के साथ ही 78 से अधिक आवासों का निर्माण भी किया जा रहा है। राज्य सरकार ने जनपद हरिद्वार के बहादराबाद फायर स्टेशन को भी स्वीकृत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुरूप शासन स्तर पर फायर स्टेशनों की मैपिंग की जा रही है, जिसके बाद दूरस्थ क्षेत्रों में फायर स्टेशन खोले जा सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तृतीय ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स के दौरान पदक जीतने वाले 7 अग्निशमन कर्मियों और केंद्रीय गृह मंत्रालय के डीजीएफएस डिस्क मेडल विजेता 2 अग्निशमन कर्मियों को सम्मानित किया। श्री धामी ने उत्तराखण्ड फायर सर्विस में सम्मिलित 20 नए फायर टैण्डरों और अग्निशमन वाहनों को जन–जागरूकता के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

## मुख्यमंत्री समीक्षा

प्रदेश में ग्राम स्तर तक योग अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। योग और आयुष मेले के आयोजन के साथ ही हरित योग के कार्यक्रम भी किए जाएंगे। आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर देहरादून में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने डिजिटल माध्यम से भी योग को प्रचारित करने और योग के क्षेत्र में जन जागरूकता लाने वालों को सम्मानित करने को कहा। श्री धामी ने योग के साथ जनसहभागिता से नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारी प्राचीन परंपरा है, बल्कि यह आज की जीवनशैली में संतुलन और स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को इस आयोजन से जोड़ने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड, योग की पवित्र भूमि है और यहां से पूरे विश्व को योग का संदेश गया है, इसलिए यहां के कार्यक्रमों की एक विशेष पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रमुख दैवीय स्थलों और पर्वतीय क्षेत्रों में भी बड़े स्तर पर योग के कार्यक्रम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग, शिक्षा, युवा कल्याण, पर्यटन, स्वास्थ्य, सूचना विभाग और जिला प्रशासन को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## फार्मास्यूटिकल निर्यात

भारत का फार्मास्यूटिकल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में नौ प्रतिशत से बढ़कर तीस अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। अमरीका एक तिहाई से ज्यादा हिस्सेदारी के साथ भारत के फार्मा निर्यात के लिए प्रमुख बाजार बना हुआ है। एक रिपोर्ट–

## बोर्ड परिणाम घोशित

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया। हाईस्कूल में विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंडलसेरा, बागेश्वर के छात्र कमल सिंह चौहान और हरगोविंद सुयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99 दशमलव 2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं, 12वीं में राजकीय इंटर कालेज, बड़ासी देहरादून की छात्रा अनुष्का राणा, 98 दशमलव 6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में अव्वल रहीं। हाईस्कूल में टॉप करने वाले छात्र कमल सिंह चौहान ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता और शिक्षकों को दिया। वहीं, छात्र जतिन जोशी ने हाईस्कूल टॉप करने पर खुशी जताई। इस साल हाईस्कूल में 90 दशमलव 7–7 प्रतिशत छात्र पास हुए, जबकि इंटरमीडिएट में 83 दशमलव 2–3 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। 10वीं और 12वीं में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से अधिक रहा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र–छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## राश्ट्रीय सेमिनार

शोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से हिमालयी क्षेत्र की पारंपरिक फसलों– श्रीअन्न के संरक्षण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया है। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने पारंपरिक अनाजों के संरक्षण और उनके महत्व व आवश्यकता पर वर्चुअली संबोधित किया। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ डी.सी जोशी ने हिमालयी क्षेत्र की पारंपरिक फसलों के उत्पादन और संरक्षण पर व्याख्यान दिया। हिमालयी क्षेत्रों में पारंपरिक फसलों, विशेष रूप से श्रीअन्न, बाजरा, मंडुआ, कुट्टु, मक्का आदि के संरक्षण पर आधारित राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य पारंपरिक फसलों की पारिस्थितिक और पोषण संबंधी महत्ता, उनके संरक्षण, स्वदेशी प्रजाति की किस्मों की सुरक्षा और उत्पादकता को बढ़ाना है।

## गणेश जोशी

प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना– पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। ग्राम्य विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत चल रहे अवशेष निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए और सभी कार्य तय समय–सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समयबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने पर विशेष जोर दिया।